# वीयू–जबलपुर वेटरनरी कॉलेज का 78 वाँ स्थापना दिवस हर्षोल्लाह से मनाया गया




नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा एवं पशुपालन विश्वविद्यालय के अंतर्गत पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर का 78 वाँ स्थापना दिवस एवं जेवीसी अल्युमिनाई मिलन का आयोजन आज दिनांक 8 जुलाई 2025 को विश्वविद्यालय प्रोफेसर मनदीप शर्मा के दिशा निर्देशानुसार, महाविद्यालय सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अजय विश्वनोई, माननीय पूर्व मंत्री एवं विधायक पाटन मध्य प्रदेश शासन रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. गोविंद प्रसाद मिश्रा, संस्थापक कुलपति नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा एवं पशु पालन विश्वविद्यालय रहे। साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. जे.पी. शिव संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं मध्य प्रदेश शासन, विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ. एस.एस. तोमर, अध्यक्ष जेवीसी एल्यूमीनाई संगठन डॉ. सुनील नायक तथा अधिष्ठाता पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर डॉ राजेश कुमार शर्मा मंचासीन रहे।



कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से किया गया, तत्पश्चात मंचासीन अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ, शाल–श्रीफल तथा स्मृति चिन्ह देकर किया गया। साथ ही कार्यक्रम में पधारे भूतपूर्व छात्र व एल्यूमिनाई का स्वागत पुष्प

से किया गया। महाविद्यालय द्वारा गत 77 वर्षों की गौरव यात्रा का प्रदर्शन एक डॉक्यूमेंट्री के रूप में किया गया। स्वागत उद्बोधन जे.वी.सी.ए. अध्यक्ष डॉ. सुनील नायक द्वारा किया गया। अधिष्ठाता डॉ आर.के. शर्मा द्वारा महाविद्यालय का वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि डॉ. अजय विश्वनोई जी ने सभागार उपस्थित सभी को स्थापना दिवस की बधाई प्रेषित करते हुए खुशी जाहिर की, कहा कि महाविद्यालय पशु सेवा तथा पशुपालकों के लिए बहुत अच्छा काम कर रहा हैं तथा छात्र–छात्राओं को प्रेरित किया की ज्यादा से ज्यादा नई तकनीक जो पशुपालन क्षेत्र में है उन्हें सीखें जहां इस तरह के कार्य चल रहे हैं जैसे एंब्रियो ट्रांसफर टेक्नोलॉजी, सेक्स सीमेंन आदि को ज्यादा से ज्यादा प्रायोगिक तौर पर करें तथा पशुधन को मजबूत बनाएं जिससे पशु चिकित्सक का कद और बढ़ सके। अपने उद्बोधन में संस्थापक कुलपति महोदय ने अपने शिक्षकों को याद करते हुए कहा कि इस महाविद्यालय की नींव बहुत मजबूत है तथा इतिहास गौरवशाली है और यही वजह है कि यह महाविद्यालय सतत उत्तरोत्तर प्रगति करेगा और देश में अपना नाम शीर्ष स्थान पर लायेगा।




मंचासीन अतिथियों द्वारा जेवीसी न्यूज लेटर का विमोचन और पशुपालकों के लिए एप्प का विमोचन किया गया। जेवीसीए की ओर से छात्राओं को सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर 21 स्वर्ण पदक तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। जिसमें 5 स्वर्ण पदक डॉ तमन्ना को मिले, पांच स्वर्ण पदक डॉ. कोमल मिश्रा को मिले तथा चार स्वर्ण पदक कुमारी दीप्ति कुशवाहा को मिले। जिनमें से डॉ. एम.ए. मंगरुलकर स्वर्ण पदक पैथोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी तथा पैरासाइटोलॉजी के लिए डॉ कोमल मिश्रा को, डॉ चेलवा गोल्ड मेडल वेटरनरी एनाटॉमी डॉ दीप्ति कुशवाहा को, डॉ. जे.एल. वेगड़ गोल्ड मेडल वेटरनरी पैथोलॉजी डॉ तमन्ना को, डॉ विद्यानंद शुक्ला गोल्ड मेडल वेटरिनरी माइक्रोबायोलॉजी डॉ तमन्ना को, डॉ एस.के. सक्सेना गोल्ड मेडल वेटरनरी फिजियोलॉजी डॉ तमन्ना को, श्रीमती गंगाबाई गुप्ता गोल्ड मेडल डॉ दीप्ति कुशवाहा को, डॉ. एमएल मेहता गोल्ड मेडल वेटरिनरी मेडिसिन के लिए मयंक दीप राजपूत को, डॉ आर जी धावेडकर गोल्ड मेडल वेटरिनरी माइक्रोबायोलॉजी एवं मेडिसिन के लिए डॉ तमन्ना को, श्री गोपाल राव कठपताल गोल्ड मेडल एनिमल जेनेटिक्स एंड ब्रीडिंग के लिए डॉ कोमल मिश्रा को निहाल गौर गोल्ड मेडल लाइव स्टॉक प्रोडक्शन एंड मैनेजमेंट के लिए डॉ आयुष साठे को, डॉ. वी.पी. मित्तल गोल्ड मेडल कॉलेज लेवल टॉपर डॉ दीप्ति कुशवाहा को, विनायक

नीलकंठ गोल्ड मेडल वेटरनरी एक्सटेंशन के लिए डॉ दीप्ति कुशवाहा को, मीना राजावत गोल्ड मेडल एनिमल न्यूट्रिशन के लिए डॉ तमन्ना को, कर्नल राजावत गोल्ड मेडल वेटरनरी सर्जरी एंड रेडियोलॉजी डॉ. ईशान नेमा को, डॉ. डी.एन. श्रीवास्तव गोल्ड मेडल वेटरनरी फार्मोकोलॉजी के लिए डॉ. कोमल मिश्रा को, डॉ. एस.एस. भदोरिया मेमोरियल गोल्ड मेडल आईसीएआर जेआरएफ छात्रा को डॉ. कोमल मिश्रा को, डॉ एल.डी. बाजपेई मेमोरियल गोल्ड मेडल एनिमल न्यूट्रिशन सात्विक पाठक को, डॉ. ए. एम. श्रीवास्तव गोल्ड मेडल बी.वी.एस.सी. फर्स्ट इयर टॉपर ईशा यादव को, डॉ. ए.बी. श्रीवास्तव गोल्ड मेडल बीवीएससी बेस्ट ऑल राउंडर–जतिन जैन को, भारत लाल मेमोरियल गोल्ड मेडल आर्य महेश को, डॉ. जे. सोनी गोल्ड मेडल वेटरिनरी मेडिसिन के लिए रीता त्यागी को, डॉ. ए.एम. श्रीवास्तव गोल्ड मेडल एम वी.एस.सी. टॉपर ए प्रवालिका को, प्रदान किए गए।




इस कार्यक्रम में भूतपूर्व प्राध्यापक डॉ. दत्ता, डॉ. ओपी श्रीवास्तव, डॉ. एम.एल.वी. राव, डॉ. सलिल जैन, डॉ अनिल गौर, भूतपूर्व छात्र डॉ. सुधीर यादव डॉ. जितेन्द्र वर्मा, डॉ. बाजपेई, डॉ. ज्योति विश्वविद्यालय के पदाधिकारीगण डॉ. श्रीकांत जोशी डॉ. जीपी लखानी, डॉ. शोभा जावरे, डॉ. अपरा शाही, डॉ. बी. रॉय, डॉ. राखी वैश्य, मोहन सिंह, डॉ. कारमोर आदि महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक, सह प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, पशुपालन विभाग मध्य प्रदेश शासन में अपनी सेवा दे रहे हैं भूतपूर्व छात्र, महाविद्यालय के छात्र–छात्राएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय द्वारा गठित समितियां के अध्यक्ष एवं सदस्य गणों की विशेष भूमिका रही। मंच संचालन डॉ. पायल जैन ने किया तथा आभार डॉ. आदित्य मिश्रा द्वारा प्रस्तुत किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर